**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 502**
**28 नवम्बर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**छत्तीसगढ़ में स्मार्ट सिटी परियोजनाएं**

**502. श्रीमती रूपकुमारी चौधरीः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में कितने शहरों को चयनित किया गया है;

(ख) विगत पांच वर्षों तथा चालू वर्ष के दौरान चयनित शहरों के लिए स्वीकृत तथा उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान छत्तीसगढ़ के उक्त शहरों में उच्च प्राथमिकता पहल के तहत उपयोग की गई धनराशि के साथ-साथ स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत प्राथमिकता के आधार पर दी गई सुविधाओं का ब्यौरा क्या है; और

(घ) वर्तमान में स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत किए गए कार्यों की स्थिति क्या है?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री तोखन साहू)**

(क): स्मार्ट सिटीज मिशन (एससीएम) के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में 3 स्मार्ट शहरों अर्थात् अटल नगर, बिलासपुर और रायपुर का चयन किया गया है।

(ख): एससीएम दिशानिर्देशों के अनुसार, प्रत्येक स्मार्ट शहर एससीएम के तहत केंद्र सरकार की सहायता के रूप में अधिकतम 500 करोड़ रुपये प्राप्त करने के लिए पात्र है। 15 नवंबर, 2024 तक, मिशन की शुरुआत से केंद्रीय सहायता के रूप में 1,352 करोड़ रू. की धनराशि जारी की जा चुकी है, जिसमें से 1,249 करोड़ रू. (92%) का उपयोग किया जा चुका है। मिशन की शुरुआत से जारी की गई केंद्रीय सहायता और उपयोग का शहर-वार ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

(ग): स्मार्ट शहरों में व्यापक विकास की कुछ विशिष्ट विशेषताओं/सुविधाओं में, अन्य बातों के साथ-साथ, क्षेत्र-आधारित विकास में मिश्रित भूमि उपयोग को बढ़ावा देना; आवास और समावेशिता; पैदल चलने योग्य इलाके बनाना; खुली जगहों को संरक्षित और विकसित करना; परिवहन के विभिन्न विकल्पों जैसे पारगमन उन्मुख विकास (टीओडी), सार्वजनिक परिवहन और अंतिम गंतव्य स्थान तक पैरा-ट्रांसपोर्ट कनेक्टिविटी को बढ़ावा देना; शासन को नागरिक-अनुकूल और लागत प्रभावी बनाना; शहर को उसकी मुख्य आर्थिक गतिविधि के आधार पर एक पहचान देना; और क्षेत्र-आधारित विकास में इंफ्रास्ट्रक्चर और सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए स्मार्ट समाधान लागू करना शामिल हैं। तथापि, शहर अपनी स्थानीय आवश्यकताओं के आधार पर कार्यक्रम को लागू करते समय इनमें से कुछ विशेषताओं का उपयोग कर सकते हैं।

(घ): छत्तीसगढ़ के 3 स्मार्ट शहरों द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, 3,656 करोड़ रू. की लागत की कुल 479 परियोजनाएं (अर्थात कुल 520 परियोजनाओं में से 92%) पूर्ण की जा चुकी हैं और 787 करोड़ रू. की लागत की शेष 41 परियोजनाएं कार्यान्वयन चरण में हैं।

*****

**अनुलग्नक**

**''छत्तीसगढ़ में स्मार्ट सिटी परियोजनाओं'' के संबंध में दिनांक 28.11.2024 को उत्तर दिए जाने हेतु लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 502 के भाग (ख) का उत्तर**

छत्तीसगढ़ राज्य में स्मार्ट सिटी मिशन की शुरुआत से अब तक जारी और उपयोग की गई केंद्रीय सहायता का ब्यौरा

(करोड़ रू. में)

| राज्य/शहर | वि.व. 2015-16 | वि.व. 2016-17 | वि.व. 2017-18 | वि.व. 2018-19 | वि.व. 2019-20 | वि.व. 2020-21 | वि.व. 2021-22 | वि.व. 2022-23 | वि.व. 2023-24 | वि.व. 2024-25 | जारी की गई कुल केंद्रीय राशि | भारत सरकार की निधि का उपयोग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अटल नगर | 0 | 0 | 18 | 104 | 0 | 0 | 0 | 121 | 123 | 123 | 488 | 449 |
| बिलासपुर | 2 | 0 | 18 | 38 | 0 | 0 | 69 | 118 | 123 | 61 | 429 | 384 |
| रायपुर | 2 | 95 | 100 | 0 | 0 | 98 | 0 | 98 | 25 | 18 | 435 | 417 |
| **कुल** | **4** | **95** | **136** | **142** | **0** | **98** | **69** | **337** | **270** | **202** | **1,352** | **1,249** |

15 नवंबर, 2024 तक छत्तीसगढ़ के स्मार्ट शहरों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार।